# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आईआईटी कानपुर में छात्रों और शिक्षकों को किया सम्बोधित : कहा– पिछले दस वर्षों में देश में तकनीक के क्षेत्र में हुआ है अभूतपूर्व विकास।
2. संभल हिंसा को लेकर गठित न्यायिक आयोग की दो सदस्यीय टीम ने संभल पहुंच कर, की जांच : अधिकारियों और मस्जिद से जुड़े सदस्यों से की पूछताछ।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में हुए शामिल : कहा– प्रदेश सरकार समाज में फैली सभी कुरीतियों को दूर करने का कर रही है प्रयास।

और

4. सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पीवी सिंधु और लक्ष्यसेन ने जीता खिताब : महिला डबल्स भी भारतीय खिलाड़ियों ने किया अपने नाम।

---

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज एक दिवसीय दौरे पर कानपुर पहुंचे। आईआईटी कानपुर में छात्रों को भारत के विकास में नवाचार की अहमियत विषय पर बोलते हुए उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए तकनीकी तौर पर श्रेष्ठ होना जरूरी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पिछले दस सालों में देश ने नवाचार के क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति देखी है। हमारे पेटेंट प्रस्तावों की संख्या दोगुनी हा चुकी है और आज हिन्दुस्तान में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईको सिस्टम है, इतना ही नहीं देश में तीन सौ चौवन बिलियन अमेरिको डॉलर के सौ से ज्यादा यूनिकॉर्न मौजूद हैं। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कानपुर आईआईटी परिसर मं अपनी मां केशरी देवी की याद में पौधा लगाया। इससे पहले उपराष्ट्रपति, सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने अपने सम्बोधन में नये भारत के निर्माण में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को अपनी क्षमता, ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

———————

सम्भल हिंसा को लेकर गठित न्यायिक आयोग की दो सदस्यीय टीम आज सुबह संभल पहुंची और जांच शुरू की। न्यायिक टीम ने हिंसा के बारे में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही शाही जामा मस्जिद के सदर आर कमेटी के अन्य सदस्यों के साथ–साथ आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। टीम ने घटनास्थल का मुआयना भी किया, इस दौरान मुरादाबाद के मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। टीम के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा। जांच करने के पश्चात टीम ने पुलिस अधिकारियों के साथ भी वार्ता की। मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने बताया कि टीम में एक अध्यक्ष और एक सदस्य शामिल थे। बाइट...

*जो उनका शेड्यूल था उसके हिसाब से जो रीड करने का प्लान था उनका केवल उस जगह घटना स्थल का था वो स्ट्रक्चर का था उसके चारों तरफ का था और माननीय अध्यक्ष और माननीय सदस्य दो लोग ही आए थे। बाकी जब पूरी टीम आएगी उसके बाद डिटेल में जो भी उनका शेड्यूल आएगा उसके हिसाब हम सोचेंगे।*

मंडलायुक्त ने बताया कि संभल में हालात धीरे–धीरे सामान्य हो रहे हैं। बाइट..

*जिस जगह पे उपद्रव हुआ वहाँ की भी निगरानी रखी जा रही है। हालात तेजी से सामान्य हुए है और हमें उम्मीद है की बहुत जल्दी पूर्णतया सामान्य होगे।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में 1200 जोडों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में शामिल

हुए। उन्होंने नव दम्पतियों को आशीवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग की तरफ से होने वाला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक तरफ सामाजिक समता का प्रतीक हैं तो वहीं दूसरी तरफ दहेज प्रथा पर प्रहार भी है। उन्होंने कहा कि सरकार, समाज में फैली सभी कुरीतियों को दूर करने का प्रयास जारी रखेगी। उन्होंने बताया कि इस सत्र के पहले तक तीन लाख चौरासी हजार नव दम्पतियों को पिछले सात वर्षों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के साथ जोड़ने में सफलता प्राप्त की है।

———————

प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल के ब्याज और अधिभार में बड़ी राहत देते हु,ए एकमुश्त समाधान याजना–ओटीएस लागू की गई है। यह 15 दिसंबर से तीन चरण में प्रभावी होगी। प्रदेश के उर्जा और नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कल मऊ जिले में यह जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना 15 दिसम्बर से 31 जनवरी 2025 तक लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना में छोटे लोड वाले, कम राशि के बकायेदारों को अधिभार में शत–प्रतिशत छूट दी गई है। अन्य श्रेणी के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

प्रयागराज में महाकुंभ–2025 के सफल आयोजन आर संचालन के लिये इंटीग्रेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेन्टर–आईसीसीसी को अपग्रेट किया जा रहा है। आईसीसीसी सेन्टर का निर्माण कुंभ–2019 में किया गया था, लेकिन महाकुंभ–2025 के भव्य और विशाल होने के कारण इसका उच्चीकरण किया जा रहा है। एक रिपोर्ट....

*महाकंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और रेलवे स्टेशन निगरानी में आईसीसीसी सेन्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। महाकुम्भ 2025 के मद्देनजर लगभग 1650 नये सीसीटीवी कैमरे, 40 वीएमसीडी, 100 स्मार्ट पार्किंग और 240 एआई कंपोनेट आदि लगाये जा रहे हैं। इसके साथ ही शिकायत निवारण के लिये कालसेंटर में बीस सीटें बढ़ाई जायेंगी। महाकुंभ में आईसीसीसी सेन्टर मेला, एमसीआर सेन्टर, अरैल और झूंसी व्यूविंग सेंटर से पूरे मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया जायेगा, साथ ही एआई कंट्रोल्ड सीसी टीवी कैमरों की मदद से नौ रेलवे स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट और निगरानी का कार्य किया जायेगा। आज से 1920 हेल्पलाइन का कार्य शुरू हो गया। लखनऊ आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह....*

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज आगमन के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए महाकुम्भ की तैयारियों को पूरा करने का काम तेजी से किया जा रहा है। अब तक लोक निर्माण विभाग द्वारा 27 सड़कों का पुनर्निर्माण किया

गया है, जबकि शेष सड़कों के पुनर्निर्माण का काम 10 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी तरह 17 सड़कों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी 5 दिसंबर तक पूरा होने की संभावना है।

———————————

लखनऊ में खेले गये सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चौपियनशिप में भारत की प्रथम वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी पीवी सिंधु ने महिला एकल में फाइनल मुकाबले में चीन की व्यू लियू यू को हराकर खिताब अपने नाम किया। पीवी सिंधु ने 21–14 आर 21–16 से मैच जीता। उन्होंने जीत पर खुशी व्यक्त की। वहीं पुरुष एकल में भारत के प्रथम वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन ने सिंगापुर के जिया हैंग जेसन को हराकर खिताब जीत लिया। लक्ष्य सेन ने 21–6 और 21–7 से मैच जीत लिया। उन्होंने जीत पर अपनी खुशी का इजहार किया। बाइट...

*ये मैच खेल के एंड दा जिस तरीके से मैं मैच के अंदर घुसा और जो मेरा प्रिपरेशन था काफी अच्छा था एंड जो क्राउड सपोर्ट था वो भी उनका भी बहुत साथ मिला। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है जीत के यहाँ पे इसके आगे अभी नेस्ट इयर जो टूर्नामेंट जाएंगे मैं चाहूँगा की मैं उनमें अच्छा करूँ।*

महिला डबल्स में भी भारत की तृषा जोली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने चीन की बाओ ली जिंग और ली कियान को हरा कर चैम्पिनशिप अपने नाम किया। तृषा

जोली ने कहा कि पिछली बार हार से सबक लेते हुए इस बार जीत हासिल की।

बाइट

*पहली बार थ्री हंड्रेड जीता है तो बहुत हैपी हूँ। ऐसे की वो क्राउड के सामने खेलने के टाइम और अलग ही हमारे को एनर्जी आती है तो हम बहुत हमारा मेहनत डाल दिया तो जीत गई हम बहुत खुश हूँ। फिर बीडब्ल्यूएफ फाइनल्स के लिए अभी प्रिपेयर करना है।*

गायत्री गोपीचंद ने जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की। बाइट....

*स्ट्रैटेजी था बट इम्प्लीमेंट अच्छे से हुआ सो फर्स्ट से नेक तो नेक था बट जीत गए हम।*

इस बीच मिश्रित युगल के फाइनल मुकाबले में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रासटो थाईलैंड से मैच हार गईं। वहीं पुरुष युगल के फाइनल में भारत के साईं प्रतीक और पृथ्वी कृष्ण मूर्ति की जोड़ी चीन से हार गई।

———————

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने आज लखनऊ के गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित मिनी स्टेडियम में एक टेनिस टूर्नामेंट का उद्‌घाटन किया। यह टूर्नामेंट उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन आयोजित कर रहा है। प्रतियोगिता में अंडर 10, 12, 14, 16 और अंडर 18 श्रेणियों में बालक–बालिकाओं द्वारा हिस्सा लिया जा रहा है। नवनीत सहगल ने बताया कि इस टूर्नामेंट से टेनिस खिलाड़ियों को आगे आने का मौका मिलेगा। बाइट .....

*सरकार का उद्देश्य खेलों को और प्रोत्साहित किया जाए उसी की तरफ हमारा यूपी टेनिस एसोसिएशन काम कर रहा है और हम विभिन्न कैटेगरी दस साल के कम बच्चों से लेकर के बड़े बच्चों का सबका अलग अलग कैटेगरीज में ये स्टेट चौंपियनशिप हो रही है जिसमें अलग अलग कैटेगरीज में स्टेट चौंपियन घोषित होंगे बच्चे तो उनको आगे बढ़ने का अवसर भी मिलेगा। हम लोग इस प्रयास में है की लखनऊ के लिए एक टेनिस लीग शुरू कराई जाए।*

———————————

प्रदेश भर में आज विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से एचआईवी वायरस और एड्स के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मथुरा में खजानी संस्थान में एक विचार गोष्ठी के साथ एड्स विषय पर हस्ताक्षर अभियान एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

———————————